राजस्थान: 9 लाख के नकली नोटों के साथ शख्स गिरफ्तार, 40 हजार में बेच रहा था 1 लाख



राजस्थान में पुलिस की डीएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 लाख के नकली नोट पकड़े हैं. पुलिस ने इस मामले में एक युवक को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसके साथी की तलाश शुरू कर दी गई है. मामला बालोतरा जिले के जसोल थाना क्षेत्र के आसोतरा रोड की है.

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी युवक 40 हजार रुपये के बदले 1 लाख के नकली नोट बेचता था. पुलिस ने युवक के कब्जे से करीब 9 लाख के नकली नोट बरामद किए हैं. आखिर आरोपी नकली नोट कहां से खरीदकर बेचता था और इसमें उसके साथ और कौन-कौन शामिल है. पुलिस इस बारे में गिरफ्तार युवक से लगातार पूछताछ कर रही है.

Source: https://www.aajtak.in/rajasthan/story/man-arrested-with-fake-notes-of-rs-9-lakh-in-rajasthan-was-selling-rs-1-lakh-for-rs-40-thousand-lclcn-strc-2087321-2024-11-03